# <u>महापत्तनों में अगस्त, 2022 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो यातायात</u>

## <u>भारत के महापत्तनों में कुल कार्गो यातायात</u>

समुद्री यातायात का कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास, अर्थात वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि से चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा, मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। भारत के 12 महापत्तनों में संभाला गया कार्गो यातायात, अप्रैल-अगस्त, 2021-22 के दौरान संभाले गए 293.24 मिलियन टन कार्गो यातायात की तुलना में **अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान 10.0% तक बढ़कर 322.51 मिलियन टन** हो गया।

महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल-अगस्त, 2021-22 के दौरान संभाले गए 225.63 मिलियन टन से **10.0%** तक बढ़कर, अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान 248.19 मिलियन टन हो गया। महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-अगस्त, 2021-22 के दौरान संभाले गए 67.60 मिलियन टन से **9.9%** तक बढ़कर अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान 74.33 मिलियन टन हो गया।

## <u>अगस्त, 2022 के दौरान संभाला गया पत्तनवार कार्गो</u>

भारत के महापत्तनों में अगस्त, 2022 के दौरान संभाला गया कार्गो 62.42 मिलियन टन है, जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.4% की वृद्धि देखी गई। महापत्तनों में अगस्त, 2022 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो, अगस्त, 2021 के दौरान संभाले गए 14.26 मिलियन टन से 1.6% तक बढ़कर अगस्त, 2022 के दौरान 14.48 मिलियन टन हो गया। तथापि, महापत्तनों में अगस्त, 2022 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो, अगस्त, 2021 के दौरान संभाले गए 43.33 मिलियन टन से 10.6% बढ़कर 47.94 मिलियन टन हो गया।

- अगस्त, 2022 के दौरान; एसएमपी हल्दिया ने संभाले गए यातायात में 24.1% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, विशाखापट्टणम पत्तन (21.9%), दीनदयाल पत्तन (17.1%), चेन्नई पत्तन (11.3%), पारादीप पत्तन (8.1%), एनएमपीटी (7.4%), जेएनपीटी (6.2%), एसएमपी कोलकाता (5.8%), कामराजार पत्तन (4.7%) और कोचिन पत्तन (2.3%) आते हैं। मुरगांव पत्तन (18.5%), मुंबई पत्तन (8.4%) और वी.ओ.सी पत्तन (6.7%) ने, अगस्त, 2022 के दौरान ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की थी।
- 12 महापत्तनों में से, दीनदयाल पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 19.4% की हिस्सेदारी के साथ 12.10 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, पारादीप पत्तन (16.1%), जेएनपीटी (10.2%), विशाखापट्टणम पत्तन (10.0%), मुंबई पत्तन (7.4%), चेन्नई पत्तन (6.8%), एसएमपी हल्दिया (6.7%), कामराजार पत्तन (5.5%), वीओसी पत्तन (4.9%),


एनएमपीटी (4.7%), कोचिन पत्तन (4.6%), एसएमपी कोलकाता (2.1%) और मुरगांव पत्तन (1.9%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर, अगस्त, 2022 में परियोजना कार्गो ने 80.9% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, अन्य कोयला (61.3%), थर्मल कोयला (50.1%), सीमेंट (44.1%), उर्वरक (42.1%), दालें (35.3%), खाद्य तेल (24.1%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (24.0%), अन्य सामान (19.0%), कोकिंग कोयला (12.2%), एफआरएम-लिक्विड (12.1%), कंटेनर (0.9%) और पीओएल-क्रूड (0.6%) आते हैं। अगस्त, 2022 में लोहा एवं इस्पात ने यातायात में 55.3% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लौह अयस्क/पेलेट्स (24.2%), अन्य अयस्क (17.3%), एफआरएम-ड्राई (12.7%), चीनी (10.7%), एलपीजी और एलएनजी (2.0%) और पीओएल-उत्पाद (1.9%) रहे।
- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर, अगस्त, 2022 के दौरान कंटेनर्स ने 22.4% हिस्से के साथ 13.95 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, पीओएल- क्रूड (19.1%), थर्मल कोयला (16.3%), अन्य सामान (9.6%), पीओएल-उत्पाद (7.7%), कोकिंग कोयला (5.9%), अन्य कोयला (4.5%), लौह अयस्क (4.3%), एलपीजी/एलएनजी (2.1%), खाद्य तेल (1.7%), एफआरएम-ड्राई, उर्वरक (1.1%), एफआरएम-लिक्विड (1.0%), लोहा एवं इस्पात (0.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.7%), अन्य अयस्क (0.6%), सीमेंट (0.4%), चीनी (0.3%), दालें (0.2%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

## अप्रैल-अगस्त 2022-23 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात

- अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान, महापत्तनों में से कामराजार पत्तन ने संभाले गए यातायात में 20.8% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, विशाखापट्टणम पत्तन (13.0%), एसएमपी कोलकाता (12.6%), कोचिन पत्तन (12.1%), दीनदयाल पत्तन (11.3%), पारादीप पत्तन (11.2%), जेएनपीटी (10.7%), वीओसी पत्तन (10.5%), एसएमपी हल्दिया (9.7%), एनएमपीटी (7.5%), मुंबई पत्तन (6.4%), और चेन्नई पत्तन (3.9%) आते हैं। अप्रैल-अगस्त, 2021-22 की तुलना में अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान यातायात में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र महापत्तन मुरगांव पत्तन 16.0% है। (तालि का-क)
- महापत्तनों में से, दीनदयाल पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 18.2% की हिस्सेदारी के साथ 58.62 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, पारादीप पत्तन (16.9%), जेएनपीटी (10.5%), विशाखापट्टणम पत्तन (10.0%), मुंबई पत्तन (7.7%), चेन्नई पत्तन (6.2%), कामराजार पत्तन (6.0%), एसएमपी हल्दिया डॉक (5.8%), एनएमपीटी (5.1%), वीओसी पत्तन (5.0%), कोचिन पत्तन (4.5%), मुरगांव पत्तन (2.2%) और एसएमपी कोलकाता (2.0%) आते हैं। (नीचे दिया गया ग्राफ-।)

**Graph-I Port-wise share of cargo handled during April-August, 2022-23**




**तालिका-क: पत्तनवार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात**

**(हजार टनों में)**

| क्र. सं. | पत्तनों के नाम | | अगस्त, 2021 (पी) | | अगस्त, 2022 (पी) | | (अप्रैल-अगस्त, 2021-2022) पी | | (अप्रैल-अगस्त, 2022-2023) (पी) | | % बदलाव {(कॉ.10/ कॉ.8-1) *100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | एसएमपी कोलकाता | विदेशी | 4108 | 9.5 | 4823 | 10.1 | 20495 | 9.1 | 22804 | 9.2 | **11.3** |
| | | तटीय | 465 | 3.3 | 627 | 4.3 | 2393 | 3.5 | 2465 | 3.3 | **3.0** |
| | | कुल | 4573 | 7.9 | 5450 | 8.7 | 22888 | 7.8 | 25269 | 7.8 | **10.4** |
| | केडीएस | विदेशी | 1194 | 2.8 | 1264 | 2.6 | 5593 | 2.5 | 6271 | 2.5 | **12.1** |
| | | तटीय | 32 | 0.2 | 33 | 0.2 | 135 | 0.2 | 180 | 0.2 | **33.1** |
| | | कुल | 1227 | 2.1 | 1298 | 2.1 | 5728 | 2.0 | 6451 | 2.0 | **12.6** |
| | एचडीसी | विदेशी | 2913 | 6.7 | 3559 | 7.4 | 14902 | 6.6 | 16534 | 6.7 | **11.0** |
| | | तटीय | 433 | 3.0 | 594 | 4.1 | 2258 | 3.3 | 2285 | 3.1 | **1.2** |
| | | कुल | 3346 | 5.8 | 4153 | 6.7 | 17160 | 5.9 | 18818 | 5.8 | **9.7** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पारादीप | विदेशी | 6058 | 14.0 | 5017 | 10.5 | 33393 | 14.8 | 30212 | 12.2 | **-9.5** |
| | | तटीय | 3222 | 22.6 | 5012 | 34.6 | 15491 | 22.9 | 24169 | 32.5 | **56.0** |
| | | कुल | 9279 | 16.1 | 10028 | 16.1 | 48884 | 16.7 | 54380 | 16.9 | **11.2** |
| 3 | वाइजैग | विदेशी | 3351 | 7.7 | 4592 | 9.6 | 19925 | 8.8 | 23742 | 9.6 | **19.2** |
| | | तटीय | 1766 | 12.4 | 1647 | 11.4 | 8675 | 12.8 | 8578 | 11.5 | **-1.1** |
| | | कुल | 5118 | 8.9 | 6239 | 10.0 | 28599 | 9.8 | 32320 | 10.0 | **13.0** |
| 4 | कामराजार | विदेशी | 2085 | 4.8 | 2241 | 4.7 | 9709 | 4.3 | 12041 | 4.9 | **24.0** |
| | | तटीय | 1172 | 8.2 | 1169 | 8.1 | 6244 | 9.2 | 7238 | 9.7 | **15.9** |
| | | कुल | 3256 | 5.7 | 3410 | 5.5 | 15954 | 5.4 | 19278 | 6.0 | **20.8** |
| 5 | चेन्नई | विदेशी | 3182 | 7.3 | 3740 | 7.8 | 16765 | 7.4 | 17433 | 7.0 | **4.0** |
| | | तटीय | 623 | 4.4 | 495 | 3.4 | 2491 | 3.7 | 2576 | 3.5 | **3.4** |
| | | कुल | 3804 | 6.6 | 4236 | 6.8 | 19256 | 6.6 | 20009 | 6.2 | **3.9** |
| 6 | वी.ओ.सी. | विदेशी | 2246 | 5.2 | 2086 | 4.4 | 9959 | 4.4 | 11353 | 4.6 | **14.0** |
| | | तटीय | 1014 | 7.1 | 955 | 6.6 | 4631 | 6.8 | 4765 | 6.4 | **2.9** |
| | | कुल | 3260 | 5.7 | 3042 | 4.9 | 14590 | 5.0 | 16118 | 5.0 | **10.5** |
| 7 | कोचिन | विदेशी | 1737 | 4.0 | 2067 | 4.3 | 8001 | 3.5 | 10002 | 4.0 | **25.0** |
| | | तटीय | 1041 | 7.3 | 774 | 5.3 | 4877 | 7.2 | 4430 | 6.0 | **-9.2** |
| | | कुल | 2778 | 4.8 | 2841 | 4.6 | 12878 | 4.4 | 14432 | 4.5 | **12.1** |
| 8 | नव मंगलूर | विदेशी | 2008 | 4.6 | 2379 | 5.0 | 11282 | 5.0 | 12873 | 5.2 | **14.1** |
| | | तटीय | 701 | 4.9 | 529 | 3.7 | 3930 | 5.8 | 3478 | 4.7 | **-11.5** |
| | | कुल | 2709 | 4.7 | 2908 | 4.7 | 15212 | 5.2 | 16351 | 5.1 | **7.5** |
| 9 | मुरगांव | विदेशी | 1303 | 3.0 | 1094 | 2.3 | 7452 | 3.3 | 6492 | 2.6 | **-12.9** |
| | | तटीय | 130 | 0.9 | 74 | 0.5 | 945 | 1.4 | 565 | 0.8 | **-40.2** |
| | | कुल | 1433 | 2.5 | 1167 | 1.9 | 8397 | 2.9 | 7057 | 2.2 | **-16.0** |
| 10 | मुंबई | विदेशी | 2859 | 6.6 | 2812 | 5.9 | 13450 | 6.0 | 15734 | 6.3 | **17.0** |
| | | तटीय | 2166 | 15.2 | 1790 | 12.4 | 10005 | 14.8 | 9233 | 12.4 | **-7.7** |
| | | कुल | 5025 | 8.7 | 4601 | 7.4 | 23455 | 8.0 | 24967 | 7.7 | **6.4** |
| 11 | जेएनपीटी | विदेशी | 5727 | 13.2 | 6028 | 12.6 | 28930 | 12.8 | 31949 | 12.9 | **10.4** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 292 | 2.1 | 365 | 2.5 | 1518 | 2.2 | 1761 | 2.4 | **16.0** |
| | | कुल | 6020 | 10.5 | 6394 | 10.2 | 30447 | 10.4 | 33709 | 10.5 | **10.7** |
| 12 | **दीनदयाल** | विदेशी | 8670 | 20.0 | 11058 | 23.1 | 46272 | 20.5 | 53552 | 21.6 | **15.7** |
| | | तटीय | 1665 | 11.7 | 1044 | 7.2 | 6405 | 9.5 | 5069 | 6.8 | **-20.9** |
| | | कुल | 10334 | 17.9 | 12101 | 19.4 | 52677 | 18.0 | 58621 | 18.2 | **11.3** |
| **कुल** | | **विदेशी** | **43333** | **75.2** | **47937** | **76.8** | **225633** | **76.9** | **248186** | **77.0** | **10.0** |
| | | **तटीय** | **14257** | **24.8** | **14481** | **23.2** | **67604** | **23.1** | **74327** | **23.0** | **9.9** |
| | | **कुल** | **57589** | **100.0** | **62419** | **100.0** | **293236** | **100.0** | **322513** | **100.0** | **10.0** |

**स्रोत:- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी– अनंतिम**

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर, अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने यातायात में 158.6% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है। इसके बाद, दालें (142.7%), अन्य कोयला (114.3%), अन्य अयस्क (54.9%), परियोजना कार्गो (50.6%), सीमेंट (37.3%), थर्मल कोयला (19.8%), पीओएल-क्रूड (18.3%), अन्य सामान (18.2%), एफआरएम लिक्विड (8.6%), कंटेनर (3.7%), खाद्य तेल (3.6%), एलपीजी/एलएनजी (1.3%) और पीओएल उत्पाद (0.5%) आते हैं। अप्रैल- अगस्त, 2021-22 की तुलना में लौह अयस्क पेलेट/फाइन ने 33.3% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लोहा एवं इस्पात (30.2%), उर्वरक (9.2%), चीनी (6.8%), एफआरएम ड्राई (0.4%) और कोकिंग कोयला (0.1%) आते हैं। (तालिका-ख)
- सभी सामानों में अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान कंटेनर ने 22.0% के हिस्से के साथ 71.0 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, पीओएल-क्रूड (20.7%), थर्मल कोयला (14.3%), अन्य सामान (9.3%), पीओएल उत्पाद (7.4%), अन्य कोयला (5.4%), लौह अयस्क/पेलेट (5.2%), कोकिंग कोयला (4.9%), एलपीजी/एलएनजी (2.0%), खाद्य तेल (1.4%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.3%), अन्य अयस्क (1.2%), लोहा एवं इस्पात (1.1%), एफआरएम ड्राई (1.0%), उर्वरक (0.9%), एफआरएम लिक्विड (0.8%), सीमेंट और चीनी (0.4% प्रत्येक) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

| **तालिका–ख : कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **(हजार टनों में)** |
| **वस्तु** | **अगस्त, 2021** | **अगस्त, 2022** | **(अप्रैल-अगस्त,** | **(अप्रैल-अगस्त,** | **% बदलाव** |


| | (पी) | | (पी) | | 2021-22) (पी) | | 2022-23) (पी) | | {(कॉ.8/कॉ.6 -1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| पीओएल क्रूड | 11830 | 20.5 | 11906 | 19.1 | 56533 | 19.3 | 66863 | 20.7 | 18.3 |
| पीओएल उत्पाद | 4887 | 8.5 | 4796 | 7.7 | 23875 | 8.1 | 24001 | 7.4 | 0.5 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1355 | 2.4 | 1327 | 2.1 | 6300 | 2.1 | 6382 | 2.0 | 1.3 |
| खाद्य तेल | 840 | 1.5 | 1043 | 1.7 | 4216 | 1.4 | 4369 | 1.4 | 3.6 |
| एफआरएम-लिक्विड | 542 | 0.9 | 607 | 1.0 | 2489 | 0.8 | 2703 | 0.8 | 8.6 |
| लौह अयस्क पेलेट/ फाइन | 3557 | 6.2 | 2696 | 4.3 | 25255 | 8.6 | 16841 | 5.2 | -33.3 |
| अन्य अयस्क | 485 | 0.8 | 401 | 0.6 | 2535 | 0.9 | 3926 | 1.2 | 54.9 |
| थर्मल कोयला | 6767 | 11.7 | 10154 | 16.3 | 38589 | 13.2 | 46213 | 14.3 | 19.8 |
| कोकिंग कोयला | 3254 | 5.7 | 3652 | 5.9 | 15824 | 5.4 | 15814 | 4.9 | -0.1 |
| अन्य कोयला | 1756 | 3.0 | 2833 | 4.5 | 8199 | 2.8 | 17573 | 5.4 | 114.3 |
| उर्वरक | 498 | 0.9 | 707 | 1.1 | 3090 | 1.1 | 2804 | 0.9 | -9.2 |
| एफआरएम-ड्राई | 786 | 1.4 | 686 | 1.1 | 3231 | 1.1 | 3219 | 1.0 | -0.4 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 376 | 0.7 | 466 | 0.7 | 1577 | 0.5 | 4079 | 1.3 | 158.6 |
| दालें | 74 | 0.1 | 101 | 0.2 | 98 | 0.0 | 239 | 0.1 | 142.7 |
| चीनी | 240 | 0.4 | 214 | 0.3 | 1285 | 0.4 | 1198 | 0.4 | -6.8 |
| सीमेंट | 169 | 0.3 | 243 | 0.4 | 992 | 0.3 | 1362 | 0.4 | 37.3 |
| लोहा और इस्पात | 1256 | 2.2 | 562 | 0.9 | 5010 | 1.7 | 3496 | 1.1 | -30.2 |
| परियोजना कार्गो | 37 | 0.1 | 67 | 0.1 | 236 | 0.1 | 355 | 0.1 | 50.6 |
| कंटेनर — टन | 13835 | 24.0 | 13954 | 22.4 | 68466 | 23.3 | 71004 | 22.0 | 3.7 |
| कंटेनर — टीईयू (हजार में) | 924 | 1.6 | 978 | 1.6 | 4563 | - | 4798 | - | 5.2 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्य | 5047 | 8.8 | 6004 | 9.6 | 25436 | 8.7 | 30072 | 9.3 | 18.2 |
| कुल | **57589** | 100.0 | **62419** | 100.0 | **293236** | 100.0 | **322513** | 100.0 | 10.0 |

**स्रोत:- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी – अनंतिम**


## अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात

- अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान महापत्तनों में से दीनदयाल पत्तन ने 21.6% हिस्से के साथ 53.55 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, जेएनपीटी (12.9%), पारादीप पत्तन (12.2%), विशाखापट्टणम पत्तन (9.6%), चेन्नई पत्तन (7.0%), एसएमपी हल्दिया (6.7%), मुंबई पत्तन (6.3%), एनएमपीटी (5.2%), कामराजार पत्तन (4.9%), वीओसी पत्तन (4.6%), कोचिन पत्तन (4.0%), मुरगांव पत्तन (2.6%) और एसएमपी कोलकाता डॉक (2.5%) आते हैं। (ग्राफ-II)




- अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान महापत्तनों में 32.5% हिस्से के साथ पारादीप पत्तन ने 24.17 मिलियन टन के अधि कतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, मुंबई पत्तन (12.4%), विशाखापट्टणम पत्तन (11.5%), कामराजार पत्तन (9.7%), दीनदयाल पत्तन (6.8%), वीओसी पत्तन (6.4%), कोचिन पत्तन (6.0%), एनएमपीटी (4.7%), चेन्नई पत्तन (3.5%), एसएमपी हल्दिया (3.1%), जेएनपीटी (2.4%), मुरगांव पत्तन (0.8%) और एसएमपी कोलकाता (0.2%) आते हैं। (ग्राफ-III)

**Graph-III Port-wise share of Coastal cargo handled during April-August, 2022-23**




****************